## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को कानपुर में पनकी पावर प्लांट और मेट्रो के दूसरे फेज सहित कई विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण।
- सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई : केंद्र सरकार ने जवाब देने के लिए मांगा और समय।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा। प्रदेश के हर जिले में प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय बनाने पर दिया जोर।
- प्रदेश में सीएनजी की कीमत में एक रूपया प्रतिकिलो की हुई बढ़ोत्तरी। लागू हुई नई कीमत।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह चौबीस अप्रैल को कानपुर आ रहे हैं। उनके प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कल परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अपने प्रस्तावित दौरे पर जनसभा को संबोधित करने के साथ ही पनकी पावर प्लांट और मेट्रो के दूसरे फेज समेत दो सौ से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

***जनपद में शीघ्र ही माननीय प्रधानमंत्री जी का भी भ्रमण प्रस्तावित है और जो एक हमारी महत्वाकांक्षी योजना है कानपुर मेट्रो की जिसका एक फेज पहले इनॉगुरेट हो चुका है और उसी क्रम में जो कानपुर सेंट्रल से चंडीगंज का सेक्शन है उसका भी लोकार्पण होना है। उसके अलावा जो हमारा नेवेली पावर प्लांट है घाटमपुर में उसकी साढ़े छह सौ मेगावाट की यूनिट का लोकार्पण होना है और पनकी का भी और इसके अलावा भी करीब दो ढाई सौ ऐसी परियोजनाएं है जिसका शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है।***

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पचीस को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। न्यायालय ने इस पर कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया। केंद्र ने न्यायालय द्वारा उठाए गए तीन बिंदुओं पर अपनी दलीलें तैयार करने के लिए और समय की मांग की। शीर्ष न्यायालय अब इस मामले पर आज सुनवाई करेगा।

***मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ती संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि वक्फ बाई यूजर को कैसे अस्वीकृत किया जा सकता है, क्योंकि कई लोगों के पास ऐसे वक्फ संपत्तियों को पंजीकृत कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं होंगे। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने नए वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित करने पर विचार किया। पीठ ने तीन प्रमुख बिंदु उठाए। न्यायालय ने कहा कि जब तक इस कानून पर सुनवाई हो रही है तब तक वक्फ के रूप में घोषित संपत्तियों को गैर–अधिसूचित नहीं किया जाना चाहिए, चाहे वे वक्फ–बाय–यूजर या वक्फ बाय डीड हों। न्यायालय ने कहा कि वह संशोधन अधिनियम के इस प्रावधान को भी प्रभावी नहीं होने देगी कि जिलाधिकारी द्वारा संपत्ति के सरकारी भूमि है या नहीं, के बारे में जांच जारी रहने तक वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।***

**********

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बी आर गवई के नाम की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति गवई सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और उनके नाम की सिफारिश केन्द्रीय कानून मंत्रालय को की गई है। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का कार्यकाल तेरह मई को समाप्त हो जाएगा।

**********

समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क कल लखनऊ में सम्भल हिंसा मामले में गठित न्यायिक आयोग के सामने प्रस्तुत हुए। यह पेशी पिछले वर्ष नवंबर दो हजार चौबीस में संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच के सिलसिले में हो रही है। आयोग ने सपा सांसद से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। उन्हें आज दोपहर दो बजे फिर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। सपा सांसद ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि उन्होंने अपना बयान दर्ज करा दिया है। उन्हें उम्मीद है कि सही तरह से जांच से उन्हें इंसाफ मिलेगा।

**********

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कल ग्रेटर नोएडा में चार दिवसीय दिल्ली स्प्रिंग मेला दो हजार पचीस का शुभारंभ किया। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद की तरफ से आयोजित यह मेला इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में तीन हजार से अधिक हस्तशिल्प उत्पादक और एक सौ दस देशों के खरीदार शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि देश के असंगठित हस्तशिल्प बाजार को संगठित कर विदेशों तक पहुंचाया जाए।

**पैंतालीस हज़ार करोड़ का एक्सपोर्ट का मार्केट है लेकिन मुझे ये डोमेस्टिक मार्केट जो सेवेंटी फाइव बिलियन डॉलर का है इसको इंडस्ट्री के साथ जोड़ कर के इसे विदेशों तक पहुँचाना है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद में प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में 28 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इन्हें 18 मंडलों पर पुनर्गठित करने के साथ हर जनपद में एक–एक कार्यालय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मंडलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय बनाये जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए दौर की पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए बोर्ड में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, है जाड्र्स वेस्ट, ई–वेस्ट और बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन सेल का गठन किया जाए। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री ने कल नगर विकास विभाग में संचालित परियोजनाओं की भी समीक्षा की और भावी कार्ययोजनाओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि नगरों में पंद्रह वर्ष से अधिक समय तक किसी भी डीजल या सीएनजी बस का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। साथ ही सिटी बस सेवा में निजी ई बस संचालकों को भी अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पार्किंग के नाम पर कहीं भी वसूली नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बरसात से पहले सभी नगरीय निकायों में ड्रेनेज व्यवस्था ठीक कराने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के आय बढ़ाने, खाली पदों को भरने और स्ट्रीट डॉग की समस्या के स्थायी समाधान पर जोर दिया। सभी जिला मुख्यालय वाले नगर निकायों को स्मार्ट नगर पालिका के तौर पर विकसित करने और प्रयागराज में वेस्ट मैटेरियल से तैयार शिवालिक पार्क मॉडल को लेकर भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई।

**********

प्रदेश में सीएनजी की कीमतें में एक रुपए प्रति किलो की बढ़ोत्तरी हो गई है। बढ़ोतरी के बाद लखनऊ और आगरा में सीएनजी के दाम सत्तानवे रुपये पचहत्तर पैसे प्रति किलो हो गए हैं, जबकि सुल्तानपुर, उन्नाव और अयोध्या में सीएनजी की कीमत बढ़ोतरी के बाद पच्चानवे रुपये प्रति किलो हो गई है। नई कीमतें कल से लागू हो गई हैं।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उन्नीस अप्रैल को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सांसद खेलकूद महाकुंभ प्रतियोगिता दो हजार पचीस का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी कल भाजपा के लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने दी। उन्होंने कहा कि सांसद खेलकूद महाकुंभ के लिए लखनऊ को कई जोन में विभाजित किया गया है।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने छात्रों और अभिभावकों को परिषद के नाम से किये जा रहे फर्जी कॉल्स से सतर्क रहने की चेतावनी दी है। ऐसे कॉल्स के जरिये वर्ष दो हजार पचीस में हुई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाओं में पैसे देने पर अंक बढ़ाने का प्रलोभन दिया जा रहा है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने स्पष्ट किया है कि ऐसे फोन कॉल साइबर ठगों द्वारा किये जा रहे हैं और उनका माध्यमिक शिक्षा परिषद से कोई लेना देना नहीं है। परिषद द्वारा इस संबंध में जारी सार्वजनिक सूचना के जरिये लोगों से अपील की गई है कि ऐसी कॉल्स आने पर तत्काल अपने जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक को सूचित कर दें।

**********

वेव्स एक्स आर क्रिएटर हैकथॉन में विजेता पांच टीमों में प्रदेश की टीम ने भी जगह बनाई है। ई–कॉमर्स–रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन श्रेणी में शामिल हुई टीम 'ईएमओ' ने अपने प्रोजेक्ट 'हेवन एस्टेट' के लिए यह पुरस्कार जीता है। टीम के प्रतिभागी उत्कर्ष ने बताया कि केंद्र सरकार ने युवाओं को वेव्स जैसा वैश्विक मंच प्रदान करके अपनी प्रतिभा दर्शाने का एक बड़ा अवसर दिया है।

**********